# 2018

# ADVANCE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

| | |
|---|---|
| *Q. No. 1 carries 1 mark each* | 1×12 = 12 |
| *Q. No. 2 carries 2 marks each* | * 2×6 = 12 |
| | * 2×4 = 8 |
| | * 2×2 = 4 |
| *Q. No. 3 carries 4 marks each* | * 4×2 = 8 |
| | * 4×2 = 8 |
| | * 4×3 = 12 |
| | * 4×3 = 12 |
| *Q. No. 4 carries 6 marks each (any four)* | 6×4 = 24 |
| | Total= 100 |

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(प्रश्न *(i)* से *(xii)* तक)

*(i)* महादेवी वर्मा की पठित कविता का नाम क्या है ?

*(ii)* 'चकनाचूर करो' — यहाँ कवि का आशय क्या है ?

*(iii)* 'गान्धारी का अभिशाप' शीर्षक कविता कहाँ से दी गई है ?

*(iv)* दधीचि ने क्या त्याग किया था ?

*(v)* 'रानी लक्ष्मीबाई' शीर्षक उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं ?

*(vi)* भास्कर वर्मण कहाँ शासन करता था ?

*(vii)* कंकु कौन है ?

*(viii)* बाड़ की क्या उपयोगिता है ?

*(ix)* 'रानी लक्ष्मीबाई' किस प्रकार का उपन्यास है ?

*(x)* रस क्या है ?

*(xi)* अलंकार की परिभाषा दीजिए।

*(xii)* छन्द किसे कहते हैं ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(प्रश्न *(i)* से *(xviii)* तक)

## खण्ड - क

*(किन्हीं **छः प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

*(प्रश्न (i) से (ix) तक)* 2×6=12

*(i)* 'है सबको अधिकार मृत्ति का पोषक-रस पीने का' — इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

*(ii)* 'मैं तपस्विनी गान्धारी' — यहाँ 'तपस्विनी' शब्द के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

*(iii)* 'कण-कण में है व्याप्त वही स्वर' — यहाँ कवि किस स्वर की बात करना चाहते हैं ?

*(iv)* 'वर दो यह मेरा आँसू' — यहाँ कवयित्री क्या कहना चाहती है ?

*(v)* 'जगे हम लगे जगाने' — आशय स्पष्ट कीजिए।

*(vi)* 'हमीं ने दिया शान्ति-सन्देश' —हमने शान्ति के सन्देश क्या-क्या दिये हैं ?

*(vii)* 'अन्धे मूढ़ विचारों की वह अचल शिला' — यहाँ कवि ने क्या अन्धे मूढ़ विचारों की बातें कही हैं ?

*(viii)* कृष्ण ने प्रभुता का दुरुपयोग कैसे किया है ?

*(ix)* 'मानव शान्ति' कविता में कवि ने धरती के कोलाहल और संघर्ष को कम करने के लिए क्या-क्या उपाय बताए हैं ?

*Contd.*

## खण्ड – ख

*(किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

*(प्रश्न (x) से (xv) तक)* 2×4=8

*(x)* 'हृदय दान की नहीं, छीन लेने की वस्तु है।' — इसके प्रसंग का उल्लेख कीजिए।

*(xi)* कंकु भिक्षापात्र लेनेवालों से क्यों उम्मीद नहीं करती है ?

*(xii)* 'वर्मण, वर्द्धन और चालुक्य मिलकर धरती पर स्वर्ग उतार सकते हैं।' —इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

*(xiii)* भास्कर को दूसरा कर्ण क्यों कहा गया है ?

*(xiv)* भास्कर को शान्तिदूत क्यों कहा गया है ?

*(xv)* भास्कर की प्रतिज्ञा क्या थी ?

## खण्ड – ग

*(किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

*(प्रश्न (xvi) से (xviii) तक)* 2×2=4

*(xvi)* अंग्रेजों की *किन्हीं* दो शोषण-नीतियों को रेखांकित कीजिए।

*(xvii)* लक्ष्मीबाई के बचपन की *किन्हीं* दो घटनाओं को रेखांकित कीजिए।

*(xviii)* लक्ष्मीबाई ने तलवार चलाने की कला कैसे सीखी थी ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(प्रश्न नं. *(i)* से *(xiv)* तक)

## खण्ड – क

*(किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

*(प्रश्न (i) से (iii) तक)* 4×2=8

*(i)* भारत ने विश्व के कल्याण के लिए दुनिया को क्या-क्या उपहार दिए हैं ? स्पष्ट कीजिए।

*(ii)* 'जिसने दुख पाला हो' में कवयित्री ने सुख के बदले दुख को क्यों पाला है ? स्पष्ट कीजिए।

*(iii)* गान्धारी ने 'प्रभु' को क्यों अभिशाप दिया था ? स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड – ख

*(किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

*(प्रश्न (iv) से (vi) तक)* 4×2=8

*(iv)* कंकु के चरित्र की *किन्हीं चार* विशेषताएँ लिखिए।

*(v)* भास्कर के अविवाहित रहने के पीछे क्या-क्या कारण हैं, स्पष्ट कीजिए।

*(vi)* श्यामा के चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

## खण्ड - ग

*(किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

*(प्रश्न (vii) से (xi) तक)* 4×3=12

*(vii)* लक्ष्मीबाई के साहस का परिचय दीजिए।

*(viii)* 'महारानी लक्ष्मीबाई' में चित्रित *किन्हीं दो* त्योहारों *अथवा* संस्कारों का परिचय दीजिए।

*(ix)* 'राष्ट्रीयता की भावना लक्ष्मीबाई के चरित्र में देखी जा सकती है'। स्पष्ट कीजिए।

*(x)* लक्ष्मीबाई की मृत्यु किस परिस्थिति में हुई थी स्पष्ट कीजिए।

*(xi)* 'लक्ष्मीबाई त्याग की प्रतिमूर्ति थी'। स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड - घ

*(प्रश्न (xii) से (xiv) तक)* 4×3=12

*(xii)* वात्सल्य *अथवा* शृंगार रस का सोदाहरण परिचय दीजिए।

*(xiii)* रूपक *अथवा* यमक अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए।

*(xiv)* दोहा *अथवा* चौपाई छन्द का परिचय दीजिए।

28T

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(प्रश्न *(i)* से *(iv)* तक)

*(i)* मानव शान्ति कैसे संभव हो सकती है, पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

कवि ने विप्लव का आह्वान क्यों किया है ? स्पष्ट कीजिए।

*(ii)* 'भास्कर वर्मण' नाटिका का उद्देश्य क्या है, स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

भास्कर के नायकोचित गुणों को रेखांकित कीजिए।

*(iii)* 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

स्पष्ट कीजिए कि 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की नायिका लक्ष्मीबाई है।

*(iv)* सीमित शब्दों में 'रानी लक्ष्मीबाई' की कथा को लिखिए।

***अथवा***

पठित उपन्यास की भाषागत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

———×———